सं-ई-11012/1/2020/हिंदी (सं.रा.भा.स.)/ 228

भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग

केंद्रीय जल आयोग, हिंदी अनुभाग

906(द.), सेवा भवन
रामाकृष्णपुरम, नई दिल्ली - 66
दिनांक: 15 अक्तूबर, 2020

विषय: संसदीय राजभाषा समिति द्वारा दिनांक 20.08.2020 को केन्द्रीय जल आयोग (मुख्यालय) के निरीक्षण के दौरान दिए गए आश्वासनों पर अनुवर्ती कार्रवाई के संबंध में।

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा दिनांक 20.08.2020 को केन्द्रीय जल आयोग (मुख्यालय) का निरीक्षण किया गया था। अध्यक्ष महोदय द्वारा समिति को दिए गए आश्वासनों की सूची सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु संलग्न की जा रही है। अनुरोध है कि सभी संबन्धित आश्वासनों के अनुरूप हिन्दी में कारवाई सुनिश्चित करें।

संलग्नक: यथोपरि

15/10/2020

(रजिन्दर पॉल)
उप निदेशक (राजभाषा)
दूरभाष संख्या. 29583720

<u>केंद्रीय जल आयोग के सभी अनुभाग/निदेशालय</u>

अनुबंध-I

फ़ाइल संख्या:11012/04/2020-समिति-2

संसदीय राजभाषा समिति

(दूसरी उपसमिति)

कार्यालय का नाम : केंद्रीय जल आयोग, नई दिल्ली

निरीक्षण की तिथि : 20.08.2020

क्रम सं.	आश्वासन
1	प्रवीणता प्राप्त उप सचिव एवं समकक्ष स्तर के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा शत-प्रतिशत कार्य हिन्दी में किया जाएगा।
2	"क" तथा "ख" क्षेत्र के केंद्र एवं राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासकों से मूल पत्राचार हिंदी में किया जाएगा तथा उनसे कोई पत्र अँग्रेजी में भी आए तो उसका उत्तर हिंदी में दिया जाएगा।
3	सभी प्रशिक्षण सामग्री द्विभाषी की जाएगी।
4	कार्यालय में रिक्त दो वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी एवं एक सहायक निदेशक (राजभाषा) के पदों को भरे जाने के लिए कार्यालय द्वारा सचिव (राजभाषा विभाग) को पत्र लिखा जाएगा।
5	पुस्तकालय के बजट में वृद्धि किया जाएगा।
6	नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में कार्यालय अध्यक्ष भाग लेंगे।
7	कार्यालय द्वारा हिंदी पत्राचार का प्रतिशत बढ़ाकर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया जाएगा।
8	मंत्रालय द्वारा हिन्दी पत्राचार का प्रतिशत बढ़ाकर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया जाएगा।
9	मंत्रालय द्वारा हिंदी सलाहकार समिति के गठन हेतु संसदीय राजभाषा समिति के वर्तमान बैठक का संदर्भ देते हुए मंत्री महोदय को पत्र प्रेषित किया जाएगा जिससे हिंदी सलाहकार समिति का गठन जल्द से जल्द किया जा सके।
10	मंत्रालय द्वारा विज्ञापन और प्रचार पर कुल खर्च का %50तक हिंदी विज्ञापनों पर अवश्य किया जाएगा।

18/9/2020

कमल स्वरूप / Kamal Swaroop
अनुसंधान अधिकारी / Research Officer
संसदीय राजभाषा समिति
Committee of Parliament on Official Language
नई दिल्ली / New Delhi

18.9